Sci & Tech
Explanation
(TEST : 07)
1 Oct, 2018 Time- 06:30 pm

1. (b) 1999 में जारी की गई भारत की नाभिकीय घोषणा के तहत् भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह उस देश के खिलाफ नाभिकीय बम का इस्तेमाल नहीं करेगा, जिसके पास नाभिकीय हथियार न हो। अतः कथन 1 सत्य है।
- भारत में परमाणु ऊर्जा आयोग प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) को रिपोर्ट करता है। अतः कथन 2 सत्य है।
- भारत में परमाणु क्षेत्र अर्धशासकीय न होकर यह पूर्णतः सरकारी क्षेत्र है। अतः कथन 3 असत्य है।

2. (b) भारत में निम्नलिखित जगहों पर भारी जल संयंत्र स्थापित है, जैसे- हजीरा (गुजरात), कोटा (गुजरात), तालचर (ओडिसा) आदि, जबकि तारापुर एवं कलपक्कम में परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। अतः अभीष्ट उत्तर (b) होगा।

3. (c) उपर्युक्त दोनों कथन सत्य हैं। अतः अभीष्ट उत्तर (c) होगा।

4. (a) कजाकिस्तान विश्व का सबसे ज्यादा यूरोनियम उत्पादक देश है, जबकि भण्डारण की दृष्टि से ऑस्ट्रेलिया प्रथम स्थान पर है।

5. (b) अंतर्राष्ट्रीय ताप नाभिकीय प्रायोगिक संयंत्र (ITER) के संदर्भ में केवल कथन-1 सत्य है, जबकि कथन 2 और 3 असत्य हैं।
   - इसमें नाभिकीय विकिरण की समस्या नहीं होती।
   - इसमें नाभिकीय अवशिष्ट प्राप्त नहीं होंते।
   - यह एक वैश्विक परियोजना है, जिसमें दुनियाँ की बड़ी-बड़ी महाशक्तियाँ एक साथ कार्य कर रही हैं।

6. (c) उपर्युक्त कथन 1, 2 और 3 तीनों सत्य हैं। अतः अभीष्ट उत्तर (c) होगा।

7. (b) नाभिकीय अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया के संबंध में कथन (b) असत्य है, क्योंकि सही कथन नाभिकीय कचरे को उच्च एवं निम्न दोनों सक्रियता में बाँटा जा सकता है। अतः अभीष्ट उत्तर (b) होगा।

8. (a) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC)-
   भारत में नाभिकीय अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य करता है। अतः कथन 1 सत्य है।
   इसका मुख्यालय बैंगलुरु में न होकर मुम्बई में है। अतः कथन 2 असत्य है।
   यह देश का सबसे बड़ा नाभिकीय रिएक्टर केंद्र है, जिसे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था। अतः कथन 3 सत्य है।

9. (c) भारत का पहला परमाणु परीक्षण 1976 में न होकर 1974 में किया गया, जिसका कोड वर्ड स्माइलिंग बुद्धा (मुस्कुराते बुद्ध) था। अतः कथन 1 असत्य है।
   भारत ने 1998 में दूसरा परमाणु परीक्षण किया, जिसके बाद अमेरिका और जापान जैसे देशों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिया था। अतः कथन 2 सत्य है।
   भारत द्वारा किए गए प्रथम और द्वितीय (दोनों) परमाणु परीक्षण जैसलमेर के निकट पोखरण में किए गए थे। अतः कथन 3 सत्य है।

10. (d) सोडियम-24

GS World Committed To Excellence

ANSWER KEY

Sci & Tech (0 Sep, 2018) Test No. 07

1.	(b)	2.	(b)	3.	(c)	4.	(a)	5.	(b)	6.	(c)	7.	(b)	8.	(a)	9.	(c)	10.	(d)